हरिभूमि
महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, गुरुवार, 10 जुलाई 2025

11 श्रमिक संगठनों के आह्वान पर बुलाई...



12 पंच सुरेंद्र यादव का आमरण अनशन सातवें दिन भी जारी...



# मेडिकल कॉलेज का नाम राजा राव तुलाराम के नाम से रखने पर जुटाया जा रहा समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

- नांगल चौधरी विस की 75 पंचायतों के प्रस्ताव मिले

कोरियावास मेडिकल कॉलेज के नामकरण को लेकर ग्राम पंचायत एवं गणमान्य लोग बुधवार को पुनः मीडिया से मुखातिब हुए तथा मेडिकल कॉलेज का नाम शहीर राजा राव तुलाराम के नाम से रखे जाने की पैरवी की और कहा कि वह इसके लिए समूचे दक्षिणी हरियाणा से समर्थन जुटा रहे हैं और उन्हें पंचायतों एवं गणमान्य लोगों से भरपूर सहयोग एवं समर्थन मिल रहा है।

यह जानकारी देते हुए कोरिवायास सरपंच के प्रतिनिधि नौनिहाल सिंह यादव ने बताया कि नांगल चौधरी विस की 75 पंचायतों के प्रस्ताव उनको मिल चुके हैं तथा पिछले दिनों 50 पंचायतों के प्रस्ताव वे जिला प्रशासन को सौंप चुके हैं। अब आने वाले दिनों में पुनः जिला प्रशासन से ग्रामीणों को साथ लेकर मिला जाए तथा और जुटाए गए प्रस्ताव उन्हें सीएम के नाम सौंपेंगे, ताकि मेडिकल कॉलेज का नाम बदलने में सरकार को कहीं कोई परेशानी नहीं आए। उन्होंने बताया कि केवल नांगल चौधरी विधानसभा ही नहीं, नारनौल की 51 तथा झज्जर जिले की 22 पंचायतों के प्रस्ताव उन्हें अब तक मिल चुके हैं तथा दादरी एवं भिवानी के साथ– साथ अन्य कम से कम दस जिलों से पंचायतें प्रस्ताव देने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि 4 मई 2023 को कोरियावास पंचायत ने मेडिकल कॉलेज का नाम शहीद राजा राव तुलाराम के नाम से रखने का प्रस्ताव ग्रामीणों की मौजूदगी में भारी बहुमत से पारित किया था। सभी पंच एवं ग्रामीण इससे सहमत थे। इसके बाद 17 मई को यह प्रस्ताव केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह को दिया गया तथा उन्होंने 25 मई को इस प्रस्ताव की सिफारिश प्रदेश के मुख्यमंत्री से की। बाद में 26 मई 2023 को तत्कालीन सीएम मनोहर लाल खट्टर जब दौंगड़ा अहीर आए, तब उन्होंने रात्रि ठहराव वहीं किया था। उस वक्त सीएम ने उन्हें सरपंच होने के नाते दौंगड़ा बुलाया था। तब भी मनोहर लाल को उन्होंने यह प्रस्ताव दिया था, लेकिन बाद में न जाने क्यों करीब नौ महीने बाद 12 फरवरी 2024 को कॉलेज का नाम बदल दिया गया। इससे ग्रामीणों को ठेस पहुंची, क्योंकि पंचायत ने कॉलेज के लिए करीब 80 एकड़ जमीन सरकार को मुफ्त में दी थी, लेकिन सरकार ने नामकरण की मांग को दरकिनार कर दिया। ग्रामीणों को इस बात की जानकारी तब लगी, जब कॉलेज पर रातोंरात दूसरे नाम का बोर्ड लगा दिया गया। इससे ग्रामीणों में रोष फैल गया। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शहीदों को जहां मान सम्मान दे रहे हैं, वहीं यहां अनदेखी की जा रही है। इसलिए वह पीएम को भी इससे अवगत कराना चाहते हैं और मौका मिलने पर ऐसा करेंगे भी।



नारनौल। पत्रकारवार्ता में सरकार से मेडिकल कालेज का नाम बदलने की मांग करते हुए।

### इन्होंने भी किया समर्थन

इस मौके पर पवन यादव बलाहा, सुरेश कोरियावास, कैलाश जाखड़, विकास बड़कोदा, नसीबपुर के पूर्व सरपंच डा. श्रीकृष्ण आदि भी मौजूद थे, जिन्होंने भी मेडिकल कॉलेज का नाम राजा राव तुलाराम के नाम से रखने की मांग की। पवन यादव बलाहा ने काफी आक्रामक तेवर अपनाए तथा सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि इससे मामले में कुछ जयचंद अड़चन पैदा कर रहे हैं, लेकिन उन्हें आने वाले चुनावों में देख लिया जाएगा। वोट वह हमसे ही मांगने आए और हमारे क्षेत्र के वोटों के दम पर ही चुनाव लड़ना चाहेंगे। हमें केवल पब्लिक को एकजुट करने की आवश्यकता है। सभी 36 बिरादरी का हमें समर्थन मिल रहा है और सभी लोग मिलकर इस आवाज को बुलंद करेंगे।

## खबर संक्षेप

### ट्रक के टायर में आग लगी, हादसा टला

**मंडी अटेली।** अटेली-कनीना चौक बाईपास के समीप बुधवार तड़के एक चलते ट्रक के टायर में आग गई। अटेली दमकल केंद्र फायर ऑपरेटर प्रदीप कुमार ने बताया कि बुधवार तड़के एक बजकर 54 मिनट पर फोन आने पर तुरंत प्रभाव से फायर ब्रिगेड गाड़ी ने आग लगे हुए ट्रक टायर पर काबू पाया। ट्रक चालक नारनौल से रेवाड़ी की तरफ रोड़ी क्रेशर लेकर जा रहा था। ऑपरेटर ने बताया कि ट्रक चालक झज्जर जिले के सुलोदा गांव का रहने वाला है।

### हड़ताल में कर्मचारी बैंकों में कामकाज ठप

**मंडी अटेली।** बैंक कर्मचारियों की हड़ताल के चलते अटेली क्षेत्र में लोग परेशान हो गए। अटेली में अधिकतर बैंक कर्मचारियों ने हड़ताल में भाग लिया जिससे उपभोक्ताओं को लेनदेन के लिए वापस लौटना पड़ा। कर्मचारियों के कार्य बहिष्कार के कारण लेनदेन सहित अन्य कामकाज के लिए पहुंचे उपभोक्ताओं को वापस होकर लौटना पड़ा। यह हड़ताल करने के पीछे कई मांगे हैं।

### एकलव्य के पांच शूटरों का चयन

**नारनौल।** जिला खेल विभाग की ओर से हरियाणा खेल महाकुंभ के लिए चयन प्रतियोगिता में एकलव्य स्पोर्ट्स शूटिंग एकेडमी के पांच शूटरों का चयन हुआ है। जिसमें पिस्टल बॉयज में रोहित तंवर उनींदा, पिस्टल गर्ल्स में मनस्वी शर्मा अमरपुरा व खुशी कुंजपुरा शामिल है। वहीं पिस्टल मिक्स के लिए भारती अकबरपुर व प्रिंस बड़कोदा का चयन हुआ है। ये सभी खिलाड़ी आगे फरीदाबाद मे होने वाले खेल महाकुंभ में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### लोगों के लिए जन्म प्रमाण शिविर आज

**मंडी अटेली।** सलम एरिया अटेली में रहने वाले लोगों के लिए नगर पालिका मंडी अटेली की ओर से आज 10 जुलाई को जन्म प्रमाण पत्र शिविर का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए नगरपालिका सचिव अनिल कुमार ने बताया कि शिविर में सलम एरिया में रहने वाले भारतीय अपना प्रमाण पत्र के लिए रजिस्ट्रेशन करवा कर अपने अटके हुए कार्य को पूरा करवा सकेंगे। प्रमाण पत्र शून्य आयु वर्ग से लेकर एक साल तक के बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र बनेंगे।

### गांव आनावास में जागरण कल

**महेंद्रगढ़।** गांव आनावास में बाबा हनुमानजी का 18 वां जागरण एवं भंडारा आयोजित किया जाएगा। मंदिर कमेटी के प्रधान मनोज कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्यातिथि ओमपाल सिंह तंवर उर्फ अब्बल रहेंगे। उन्होंने बताया कि 11 जुलाई रात्रि को जागरण किया जाएगा। गायक कलाकार जयवीर भाटी, सुरेंद्र भाटी, दीपा चौधरी, संध्या चौधरी द्वारा बाबा हनुमान के भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। भंडारा 12 जुलाई को आयोजित किया जाएगा। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर जागरण में धर्म लाभ उठाए और भंडारे में प्रसाद ग्रहण करें।

## कर्मियों को पक्का करने सहित अनेक मांग रखी, सरकार के खिलाफ नारेबाजी

# मांगों को लेकर नगर पालिका सफाई कर्मचारी काम छोड़ हड़ताल पर बैठे

कर्मचारियों ने कहा कि अगर सरकार द्वारा कर्मचारियों की ओर ध्यान नहीं दिया गया तो बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

दस केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान कर्मचारियों, श्रमिकों और जन विरोधी नीतियों को लेकर बुधवार को हुई राष्ट्रीय व्यापी आम हड़ताल में नगर पालिका के सफाई कर्मचारी काम छोड़कर हड़ताल पर रहे। सफाई कर्मचारी के हड़ताल पर होने से शहर में जगह-जगह गंदगी देखी गई। इस दौरान कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर सरकार के प्रति जमकर नारेबाजी की। कर्मचारियों ने कहा कि काफी लंबे समय से सरकार द्वारा उनकी मांग पर ध्यान नहीं दिया जा रहा हैं। कर्मचारियों ने कहा कि अगर सरकार द्वारा कर्मचारियों की ओर ध्यान नहीं दिया गया तो बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

सफाई कर्मचारी यूनियन प्रधान पूर्ण कुमार ने कहा कि नगर पालिका कर्मचारी संघ अपनी न्याय उचित मांगों को लेकर लगातार आंदोलनरत है। इससे पहले भी लगातार पूर्व निकाय मंत्री के मुख्य सचिव की अध्यक्षता मीटिंग हुई। 29 अक्टूबर 2022 व पांच अप्रैल 2023 को दो दौर की वार्ता में लगभग सभी मांगों पर मंत्री ने जल्द ही पत्र जारी करने का विश्वास दिलाया था। कुछ पत्र जारी तो हुए हैं लेकिन समझौते से विपरीत तोड़ मरोड़ के पत्र जारी किए गए हैं, जिससे कर्मचारियों में भारी रोष है। उन्होंने बताया कि सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों व तानाशाही के चलते मजबूरी में हड़ताल पर बैठने को मजबूर हुए।



महेंद्रगढ़। नगर पालिका कार्यालय में सरकार के प्रति नारेबाजी करते सफाई कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

*इस मौके पर सुमित उर्फ रिंकू, देवानंद, राहुल, धीरज, शम्मी, कविता, कृष्णा, सुमित, रवि, आशु, सचिन, रोहित, सुंदर, घनश्याम, संदीप, विनोद, बीरजू, राहुल, दीपक, रामू, आरती, राजू सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित रहे।*

### ये रही मांगें

उनकी मांग है कि कर्मचारियों ने सरकार से रेगुलाइजेशन की नीति बनाने, पुरानी पेंशन बहाल करने, 29 अक्टूबर 2022 व पांच अप्रैल 2023 के समझौतों को लागू करने, सभी वर्गों की वेतन विसंगतियां ठीक करने तथा आरक्षित श्रेणियां का बैकलॉग पूरा करने, जोखिम भत्ता पांच हजार रुपये लागू करने, वरिष्ठ सफाई निरिक्षक के पद सृजित करने, क्षेत्रफल आबादी के अनुपात में नए पद सृजित करा रिक्त पदों पर पक्की भर्ती करने, सभी कर्मचारियों को बिना शर्त एसीपी का लाभ देने, पुरानी पेंशन बहाल करने, कच्चे सफाई व सीवर कर्मचारियों को 26 हजार रुपये करने, सालाना पांच प्रतिशत की वृद्धि लागू करने, सभी प्रकार के भत्तों को लागू करने, सफाई व सीवर कर्मचारियों की तृतीय श्रेणी के पदों पर पदोन्नति किया जाए, जारी किए गए 8 फरवरी 2023 के पत्र के अनुसार सफाई व सीवर कर्मचारियों को पक्का करने, डोर-टू-डोर कर्मचारियों को ईएसआई व पीएफ की सुविधा देना, 7 अगस्त 2024 व नगर निगम गुरुग्राम के बीच हुए 2 जनवरी को 2024 के समझौते को लागू करने सहित अनेक मांग हैं।



नारनौल। धरने पर बैठे नप सफाई कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### नप सफाई कर्मचारियों ने की हड़ताल

**नारनौल।** नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा एवं भारत देश में तमाम संगठनों व सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर नगर पालिका कर्मचारी संघ इकाई ने काम छोड़ हड़ताल की। जिसकी अध्यक्षता इकाई प्रधान सुरेश कुमार जैदिया ने की। इकाई सचिव महावीर प्रसाद, नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य कैशियर महेंद्र सिंह सगेलिया ने बताया कि यूनियन के राज्य प्रधान एवं तमाम संगठनों के पदाधिकारियों ने प्रदेश सरकार से सात अगस्त 2024 को कर्मचारियों की मांगों पर वार्ता की थी, जिसमें कई अहम मांगों पर सहमति बनी, लेकिन हरियाणा सरकार ने आज तक मांगों को लागू नहीं किया है। इस मौके पर अमित कुमार बोयत, संतलाल, विक्रम सिंह, सुंदर सिंह, सुरेंद्र सिंह, दीपक कुमार, आशु, महेंद्र सिंह, कमल सिंह, नीरज कुमार, रमन कुमार, राजू, मनोज देवी, सुनीता देवी, निर्मला देवी, मंजू देवी, पूनम देवी, निर्मला देवी आदि कर्मचारी मौजूद थे।




नारनौल। प्रदर्शन करते ग्रामीण सफाई कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**नारनौल।** ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन की बैठक डॉ. भीमराव अम्बेडकर पार्क महेंद्रगढ़ पर हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रधान जुगेश कुमार ने की। संचालन कामरेड सुभाषचंद्र एडवोकेट महासचिव ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए जुगेश कुमार ने कहा कि ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को सरकार की सेवा व स्वच्छता को सफलतापूर्वक कार्य करते हुए 17 साल हो गए, लेकिन सरकार अपना कर्मचारी नहीं मान रही है और न ही न्यूनतम वेतन 28000 रुपये लागू कर रही है। कामरेड सुभाषचंद्र एडवोकेट ने कहा कि राष्ट्रीय हड़ताल भाजपा सरकार के खिलाफ है। सरकार श्रम कानून में बदलाव कर जनवादी अधिकार खत्म कर रही है। काम के आठ घंटे बढ़ाकर 12 घंटे कर दिए। बैठक को सतनाली से अशोक कुमार, अटेली खण्ड से ईश्वर व अरविंद कुमार, कनीना से अशोक कुमार, सिहमा खण्ड से ओमप्रकाश, नारनौल खण्ड से चन्दगीराम, सत्यवीर, नांगल चौधरी खण्ड से हनुमान, निजामपुर से नरेन्द्र कुमार, महेंद्रगढ़ से नाजुराम ने संबोधित किया। कमर्चारियों ने महावीर चौक तक मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। इसके बाद जिला पंचायत विकास अधिकारी को एक माग पत्र सौंपा। मौके पर अश्वनी, सविता, सुमित्रा, ओमप्रकाश, रामपाल, धर्मेंद्र, नरेंद्र कुमार, बाबूलाल, शिशराम, हेमराज, महेन्द्र सिंह, हरिराम, कृष्ण कुमार, सोमदत आदि उपस्थित थे।




मंडी अटेली। आंदोलन करते सफाई कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

## अटेली नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया

**मंडी अटेली।** अटेली नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों ने बुधवार को अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन केंद्रीय मजदूर संगठनों और कर्मचारी संघों के आह्वान पर हुआ। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि मजदूर विरोधी लेबर कोड को रद्द किया जाए। न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपए किया जाए। ठेका प्रथा और निजीकरण बंद हों। अस्थाई, कच्चे कर्मियों और स्कीम वर्कर्स को स्थाई किया जाए। निर्माण श्रमिकों सहित मजदूरों के लिए बने बोर्डों को मजबूत किया जाए। सभी को उचित सुविधाएं मिलें। मनरेगा में 200 दिन काम और 800 रुपए दैनिक मजदूरी तय की जाए। न्यूनतम पेंशन 10 हजार रुपए मासिक दी जाए। स्थाई कर्मचारियों की भर्ती हो। पुरानी पेंशन स्कीम बहाल की जाए। वाहन चालकों और रेहड़ी पटरी मजदूरों के लिए सामाजिक सुरक्षा कानून लागू किया जाए। बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत एफडीआई का फैसला वापस लिया जाए। एलआईसी के शेयरों के विनिवेश पर रोक लगाई जाए। इस प्रदर्शन में प्रधान मनोज कुमार, महिला प्रधान गीता, रामकिशन, मनीष, राकेश, सोनू, प्रवीन, मुकेश, निर्मला सोमा, मंजू इत्यादि उपस्थित रहे।

## केंद्र सरकार की श्रमिक, कर्मचारी और जन विरोधी नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन कर गुस्सा निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

दस केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान कर्मचारियों, श्रमिकों और जन विरोधी नीतियों को लेकर बुधवार को हुई राष्ट्रीय व्यापी आम हड़ताल में सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा से संबंधित हेमसा संगठन ने भी भागीदारी निभाई। महेंद्रगढ़ नगर के चौधरी रणवीर सिंह हुड्डा पार्क में सुबह 11 बजे एकत्रित हुए अनेक संगठनों के सैकड़ों कर्मचारी एकत्रित हुए। हरियाणा एजुकेशन मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसो. के प्रदेश प्रेस प्रवक्ता सुजान मालड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि इतनी भीषण गर्मी में धरना, प्रदर्शन और हड़ताल करना हमारा सोख नही मजबूरी है। लेबर कोड कानूनों में संशोधन कर श्रमिक विरोधी नीतियों को लागू किया जा रहा है। सरकारी विभागों को सिकोड़ा जा रहा है। करोड़ों खाली पदों पर नियमित भर्ती ना करके कच्ची भर्ती की जा रही है। आठवें वेतन आयोग का गठन अभी तक नही किया गया। नए-नए कानून लागू करके मेहनतकश को और गरीब किया जा रहा है।



महेंद्रगढ़। हुड्डा पार्क में हड़ताली कर्मचारियों को संबोधित करते सुजान मालड़ा। फोटो : हरिभूमि

## अंडरपास के पास जमा पानी की समस्या का होगा समाधान

- पूर्व मंत्री की मौजूदगी में नेशनल हाईवे के अधिकारियों की ग्राम पंचायतों के साथ मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

नेशनल हाईवे पर कुछ गांवों में अंडरपास में पानी जमा होने की समस्या व गांवों के गंदे पानी को निकालने की समस्या के समाधान के बारे में बुधवार को पूर्व मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव के आवास पर संबंधित गांवों के सरपंच व अन्य व्यक्तियों के साथ नेशनल हाईवे के अधिकारियों ने विस्तार से चर्चा की। इनमें मुख्यतः बूढ़वाल, नांगल नूनिया व बलाहा कलां गांवों की समस्याओं पर चर्चा हुई। बूढ़वाल व नांगल नूनिया गांवों में गांव की नालियों के पानी की निकासी राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण के उपरांत बंद होने की वजह से गांवों के अंदर गंदा पानी जमा होने व राष्ट्रीय राजमार्ग पर एकत्रित होने से एक गम्भीर जन समस्या बनी हुई है।

बता दें कि पिछले दिनों पूर्व मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव ने दिल्ली में राष्ट्रीय राजमार्ग के वरिष्ठ अधिकारियों से मिलकर इस समस्या के समाधान के लिए निवेदन किया था। जिसके परिणाम स्वरूप अधिकारियों ने इन गांवों की इन समस्याओं के बारे में सर्वे उपरांत एक प्रस्ताव तैयार किया था।

बुधवार को उसी प्रस्ताव पर चर्चा के लिए संबंधित गांवों के सरपंच व अन्य मौजूद व्यक्तियों के साथ राजमार्ग के अधिकारियों से विस्तार से चर्चा की। अधिकारियों की ओर से दिए गए प्रस्ताव पर ग्रामीणों ने अपनी सहमति जताई तथा इन कार्यों पर बारिश के समाप्त होने के बाद काम प्रारंभ करने का आश्वासन राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों ने दिया है। अधिकारियों ने आश्वस्त करवाया है कि इन सभी गांवों की समस्याओं का स्थाई समाधान किया जाएगा।





नारनौल। पूर्व मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव के आवास पर चर्चा करते नेशनल हाईवे के अधिकारी व नांगल चौधरी के हाईवे के फ्लाइओवर नीचे जमा बरसाती पानी।

## नागरिक अस्पताल में नहीं है अल्ट्रासाउंड मशीन, मरीजों को परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

नागरिक अस्पताल में वर्षों से अल्ट्रासाउंड मशीन नहीं है। अस्पताल में प्रतिमाह एक हजार से अधिक पथरी, पेट दर्द व गर्भवतियों को निजी लैब से अल्ट्रासाउंड की जांच करवानी पड़ रही है। शहर व ग्रामीण क्षेत्र के 60 से अधिक गांवों की लाखों की आबादी को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का जिम्मा उठाने वाले नागरिक अस्पताल के पास अल्ट्रासाउंड मशीन तक उपलब्ध नहीं है। ऐसे में नागरिक अस्पताल में आने वाले रोगियों को जिम्मेदार भी पर्ची बनाकर थमा देते हैं। हर माह औसतन एक हजार लोगों पर अल्ट्रासाउंड के रूप में लाखों रुपये का अतिरिक्त भार भी पड़ रहा है। यह हाल केवल महेंद्रगढ़ के नागरिक अस्पताल का नहीं बल्कि सतनाली, कनीना, सेहलंग, नांगल सिरोही सहित का भी है। नारनौल क्षेत्र में भी केवल नागरिक अस्पताल में ही अल्ट्रासाउंड की सुविधा है।

बता दें कि वर्ष 2019 में क्षेत्र के लोगों की मांग को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा उप नागरिक अस्पताल में दर्जा बढ़ाकर महेंद्रगढ़ नागरिक अस्पताल का दर्जा दिया था। इसके अलावा सरकारी अस्पताल को 50 बैड से बढ़ाकर 100 बैड का बनाने की घोषणा की गई थी। जब शहर के सरकारी अस्पताल को नागरिक अस्पताल का दर्जा मिला तो यहां लोगों को काफी उम्मीद थी कि उनको अपने शहर में निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं मिलेगी। लेकिन लोगों की उम्मीदें धरी की धरी रह गई। छह साल बीतने के बाद भी शहर के नागरिक अस्पताल की सुविधाओं में कोई बदलाव नहीं आया हैं।




महेंद्रगढ़। नागरिक अस्पताल का भवन। फोटो : हरिभूमि

### 800 से 1000 रुपये देना पड़ रहा चार्ज

शहर के नागरिक अस्पताल में लंबे समय से अल्ट्रासाउंड मशीन नहीं होने के कारण लोगों को मजबूरीवश निजी सेंटर का सहारा लेना पड़ रहा है। जहां अल्ट्रासाउंड के लिए 800 से 1000 रुपये चार्ज देना पड़ रहा है। ऐसा नहीं की क्षेत्र के लोगों ने यह मांग न उठाई हो लगातार सामाजिक संगठनों के लोग नागरिक अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन उपलब्ध कराने की मांग उठा रहे हैं, लेकिन सरकार व जिम्मेदार लोगों की इस मांग पर कोई ध्यान नहीं दे रही है। जिम्मेदार भी अस्पताल में आने वाले रोगियों को अल्ट्रासाउंड की पर्ची बनाकर हाथ में थमाने के अलावा कोई प्रयास नहीं कर रहे हैं। प्रतिदिन 20 से 30 मरीज पत्थरी, पेट दर्द, गर्भवती पहुंचती है, जिन्हें अल्ट्रासाउंड की आवश्यकता होती है। नागरिक अस्पताल पर क्षेत्र के करीब 60 से 70 गांवों के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने की जिम्मेदारी है।

## राजपुरा के जोहड़ में डूबने से एक व्यक्ति की मौत, तीन दिन से था लापता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

अटेली क्षेत्र के गांव राजपुरा के जोहड़ में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। फायर ब्रिगेड, पुलिस व ग्रामीणों से मदद से सुबह सात बजे मृत अवस्था में जोहड़ से बाहर निकाला। नारनौल के नागरिक अस्पताल में एंबुलेंस से पहुंचाया। पुलिस अग्रिम कार्रवाई कर रही है। वह तीन दिनों से घर से लापता चल रहा था। मृतक की पहचान राजपुरा के 35 वर्षीय के रूप में हुई है।

अटेली दमकल केंद्र फायर आपरेटर प्रदीप कुमार ने बताया कि सुबह 6 बजे दमकल केंद्र को सूचना मिली कि गांव राजपुरा के जोहड़ में एक व्यक्ति डूबा हुआ है। इस पर फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। तब शव पानी में तैर रहा था।

ग्रामीणों की सहायता से मृत व्यक्ति का शव जोहड़ से बाहर निकाला गया तथा एंबुलेंस के हवाले कर दिया। वह राजमिस्त्री था तथा उसके दो बच्चे बताए जाते हैं। थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि मृतक के भाई के बयान पर कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। शव को देखने से लग रहा है कि वह जोहड़ में एक से अधिक दिन का डूबा हुआ है।







## मानसून में स्किन प्रॉब्लम्स
# बचाव के लिए बरतें सावधानी

मानसून में नमी की अधिकता की वजह से स्किन इंफेक्शंस की संभावना बहुत बढ़ जाती है। ये कौन सी समस्याएं हैं, इनके कारण, लक्षण क्या हैं और इससे बचाव के लिए आपको किन उपायों पर अमल करना होगा, बता रहे हैं आपको।

सीजनल डिजीज
चेतना झा



तपती गर्मी के बाद बारिश की फुहारें राहत तो देती हैं, लेकिन बारिश का मौसम हमारी त्वचा और बालों के लिए कई समस्याएं भी उत्पन्न कर सकता है। इस मौसम की नमी स्किन इंफेक्शन और दूसरी तमाम समस्याओं की वजह बनती है। इनसे बचाव के लिए प्रयास करने जरूरी हैं।

**अधिक पसीना:** वातावरण में नमी की अधिकता के कारण मानसून के मौसम में पसीने की समस्या होती है और यह स्किन इंफेक्शन का एक बड़ा कारण होता है। इससे त्वचा में खुजली की समस्या होती है और फिर इससे कई समस्याएं परेशान करती हैं।

**मुंहासे:** मुंहासे और त्वचा पर चकत्ते होना, अन्य समस्याएं हैं, जिनका सामना ज्यादातर लोग मानसून के मौसम में करते हैं। खासतौर पर उन लोगों को जिनकी त्वचा पहले ही अधिक ऑयली होती है, नमी बढ़ने से त्वचा अधिक सीबम का उत्पादन करने लगती है। इससे ऑयल अधिक बनने लगता है और यह बैक्टीरिया का बसेरा सा बन जाता है। चिपचिपी त्वचा पर धूल, गंदगी और पसीना लंबे समय तक चिपके रहते हैं, जिसकी वजह से स्किन पोर्स बंद हो जाते हैं। ऐसे में एक्ने और पिंपल्स निकलने लगते हैं।

**एग्जिमा:** एग्जिमा आसानी से ठीक नहीं होने वाला त्वचा रोग है। यह त्वचा संबंधी उन समस्याओं में से एक है, जो केवल मानसून के मौसम में होती है। एग्जिमा विभिन्न जटिलताओं जैसे चकत्ते, खुजली, लालिमा और त्वचा में इसी तरह की समस्याओं का कारण बनता है। यह समस्या उन लोगों में आम है, जिनकी त्वचा संवेदनशील होती है।



**टिनिआ:** यह भी मानसून में हमारी त्वचा को परेशान करने वाला एक फंगल संक्रमण है। इससे अत्यधिक खुजली होती है और असहज महसूस होता है। यह आपके सिर की त्वचा को भी संक्रमित कर सकता है। उसमें भी खुजली होती है।

**स्केबीज:** स्केबीज एक अन्य त्वचा रोग है, जो मुख्य रूप से घुन के प्रवेश के कारण होता है। इसको कुछ इस तरह समझिए कि इसमें परजीवी जीवाणु अंडे देते हैं और आपकी त्वचा में घोंसला भी बनाते हैं, जिससे संक्रमण बढ़ता है। इससे त्वचा में खुजली होती है और लालिमा भी नजर आती है। इससे रोगी को काफी तकलीफ महसूस होती है।

**फोलिक्युलाइटिस या लोम:** यह बाल कूप, बाल रोम या हेयर फॉलिकल का एक और जीवाणु संक्रमण है, जो मानसून के दौरान होता है। बता दें कि बालों के रोम दरअसल, हमारी त्वचा की रक्षा के लिए होते हैं। इससे हमारी त्वचा ढंकी रहती है। बैक्टीरिया और पसीने के बीच का स्पर्श त्वचा संबंधी समस्याओं का कारण बनता है और फॉलिक्युलाइटिस का कारण भी बनता है। फॉलिक्युलाइटिस की वजह से पीड़ित की त्वचा पर बालों के रोम में सूजन हो जाती है। त्वचा की यह समस्या आमतौर पर जांघों, बगलों, नितंबों और गर्दन के आस-पास देखी जाती है। हल्के मामलों के लिए, स्थिति कुछ दिनों में ठीक हो सकती है, लेकिन गंभीर स्थितियों के लिए आपको चिकित्सकीय ट्रीटमेंट लेने की आवश्यकता हो सकती है।

**दाद:** दाद या रिंग वॉर्म त्वचा पर एक छल्ले के आकार में दिखाई देता है। जब आप इसे खुजलाते हैं, तो कई बार आपकी त्वचा पर मिनटों में दाने निकल आते हैं और उनसे पानी भी निकल सकता है। इसे एक संक्रामक फंगल संक्रमण भी माना जाता है, जो रोगी के दूसरों अंगों तक और दूसरे व्यक्ति को भी फैल सकता है।

**ऐसे करें बचाव:** इन बरसाती रोगों से बचाव के लिए इस मौसम में त्वचा को भीतर-बाहर से हाइड्रेट करने की उतनी ही जरुरत है, जितनी किसी और मौसम में होती है। इसलिए भरपूर पानी पिएं। साथ ही नॉन स्टिकी लाइटवेट मॉयश्चराइजर लगाएं। दो-तीन लीटर पानी प्रतिदिन सेवन करने से कोलेजन बनता है, जिससे ये रोग होने की आशंका कम हो जाती है। त्वचा की नियमित सफाई करें। इससे बैक्टीरिया और सीबम दोनों में कमी आती है। इस मौसम में फेस स्टीम यानी चेहरे पर भाप लेना भी लाभदायक है। इससे रोमछिद्र खुलते हैं और मृत त्वचा हटती है। भाप लेने से त्वचा पर रक्त प्रवाह बढ़ता है, जो त्वचा में ग्लो लाता है। समस्या होने पर बजाय इंटरनेट पर समाधान ढूंढ़ने के नजदीकी डर्मेटोलॉजिस्ट से संपर्क करें, वे आपकी त्वचा के प्रकार और शारीरिक अवस्था के अनुरूप समस्या का समाधान बताएंगे।

मानसून में खास ध्यान रखें कि चेहरे को टच करने से पहले हाथ धुला हो। चेहरे पर कोई क्रीम, मॉयश्चराइजर आदि लगाने से पहले भी हाथ धुले हों। इससे बैक्टीरिया के फैलाव से बचाव होता है। ऑयली फूड्स जैसे फ्रेंच फ्राइज, चिप्स, समोसे आदि खाने से बचें। इससे एक्ने-मुंहासे की समस्या बढ़ सकती है। *

**(डर्मेटोलॉजिस्ट डॉ. सरोज राय से बातचीत पर आधारित)**

मेंटल हेल्थ
शिखर चंद जैन

इन दिनों देश ही नहीं पूरी दुनिया में बेशुमार लोग मेंटल प्रॉब्लम्स से ग्रस्त हो रहे हैं। इसकी अनेक वजहें हो सकती हैं। लेकिन अगर आप अपनी डेली रूटीन लाइफ में कुछ एक्टिविटीज को शामिल कर लें तो बहुत हद तक इन मेंटल प्रॉब्लम्स से बच सकते हैं। ऐसी ही चार एक्टिविटीज और उनसे होने वाले फायदों के बारे में हम आपको बता रहे हैं।

## अच्छे स्वास्थ्य के चार मीत
# रंग-कविता-कला-संगीत




आने वाले समय में कला का प्रयोग मानसिक सेहत को संवारने में व्यापक तौर पर किया जाएगा। अमेरिका की फ्लोरिडा यूनिवर्सिटी के आर्ट्स इन मेडिसिन सेंटर में रिसर्च डायरेक्टर जिल सोनके कहते हैं, 'हमें बचपन की क्रिएटिव राइटिंग, ड्राइंग, सिंगिंग और डांसिंग से आगे चलकर भी जुड़े रहना चाहिए। आप बड़े होकर इनसे दूर हो रहे हैं तो यह गलत है। आपको म्यूजियम (कला के लिए), आर्ट गैलरीज, एग्जिबिशंस, कंसर्ट (म्यूजिक के लिए) आदि भी समय-समय पर जरूर अटेंड करने चाहिए।'

इस स्टडी के आधार पर मेंटल हेल्थ एक्सपर्ट्स मानसिक सेहत को खुशमिजाजी और सुकून की खुराक देने के लिए कुछ एक्टिविटीज को अपनी डेली लाइफ में शामिल करने की सलाह देते हैं।

### म्यूजिक सुनें

कई ऐसे अनुसंधान हो चुके हैं, जिनमें पता चला है कि गाना गाने, गाना सुनने और वाद्य यंत्र बजाने से कई तरह के फायदे हैं। गाने से स्ट्रेस हार्मोन कार्टीसोल का लेवल कम होता है। नवजात शिशुओं की मां गुनगुनाती है तो उनमें एंजायटी कम होती है। न्यूरोलॉजिस्ट सूजन मैग्सेमैन कहती हैं कि म्यूजिक से स्ट्रेस कम होने की वजह यह है कि रिद्म, लिरिक्स और कॉर्ड्स रिपीट करते समय हमारे दिमाग के कई हिस्से एक साथ एक्टिव हो जाते हैं।

यूरोप के एक विश्वविद्यालय में हुए शोध से पता चला है कि म्यूजिक थेरेपी डिमेंशिया या याददाश्त की समस्याओं से जूझ रहे लोगों के लिए बहुत फायदेमंद होती है। इसके अलावा यह दर्द कम करने और अवसाद से मुक्ति दिलाने में भी सहायक है। यह कई अनुसंधानों के नतीजे में बताया जा चुका है। यही वजह है कि संगीत का उपयोग उपचार के लिए भी कई जगह किया जा रहा है। वैज्ञानिकों की माने तो म्यूजिक थेरेपी कैंसर के इलाज से लेकर पोस्ट स्ट्रोक ब्रेन के इंप्रूवमेंट में भी काफी मददगार साबित हो रही है। यूरोप के संगीत एंगिला रस्किन विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने पता लगाया है कि म्यूजिक थेरेपी से मस्तिष्क के कई क्षेत्रों में सकारात्मक असर पड़ता है। संगीत, मस्तिष्क और उसके कनेक्शन को पुनर्जीवित करने में मदद कर सकता है।



### थ्री ड्रॉइंग टेक्निक की प्रैक्टिस

अमेरिका में स्थित सेंटर ऑफ माइंड बॉडी मेडिसिन के संस्थापक-मनोचिकित्सक डॉक्टर जेम्स गार्डन ने थ्री ड्रॉइंग तकनीक बनाई है। इसके लिए आपको ड्रॉइंग एक्सपर्ट होने की जरूरत नहीं है। बस कोशिश करनी है। सबसे पहले आप खुद की कोई ड्रॉइंग बनाएं। फिर अगली ड्रॉइंग में खुद को अपनी सबसे बड़ी समस्या के साथ दिखाना होगा। और तीसरी ड्रॉइंग में आपको समस्या हल होने के बाद खुद को दर्शाना होगा। यह एक्सरसाइज सेल्फ डिस्कवरी को प्रोत्साहन देने के लिए है। इससे आपको अपनी समस्या का पता चलता है और संभावित हल पर विचार करने का अवसर मिलता है। साथ ही स्वयं में अंतर महसूस होता है। जॉन हॉपकिंस यूनिवर्सिटी स्कूल आफ मेडिसिन में न्यूरोलॉजी की असिस्टेंट प्रोफेसर सूजैन मैग्सेमैन कहती हैं कि आप इस तकनीक से खुद ही अपने हीलर बन सकते हैं। इसके लिए आपको किसी थैरेपिस्ट की जरूरत भी नहीं है।

### कलरिंग कीजिए

एंजायटी से उबरने के लिए अपने बचपन की कलरिंग एक्टिविटीज को फिर से सक्रिय कीजिए। किसी किताब, अखबार या पत्रिका में बने रेखाचित्रों में या खुद के बनाए रेखाचित्रों में रंग भरें। वैज्ञानिकों ने शोध में पाया है कि रोजाना 20 मिनट ज्योमैट्रिकल डिजाइन में रंग भरना एंजायटी को कम करने के लिए बहुत प्रभावी तकनीक है। क्लीवलैंड क्लिनिक में क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट और पुस्तक '50 वेज टू सूद योरसेल्फ विदाउट फूड' की लेखिका सूजेन अल्बर्ट्स कहती हैं, कलरिंग करना मिनी मेंटल वेकेशन जैसा है। जब हम किसी कागज पर बनी आकृतियों और रेखाचित्रों में अपने पसंदीदा रंग भरते हैं तो हमें आत्मसंतुष्टि मिलती है और साथ ही तमाम समस्याओं और चिंताओं से हमारा ध्यान बंटता है और मन को शांति मिलती है। यह एक प्रकार का मेडिटेशन ही है। इससे स्ट्रेस लेवल कम होता है और हमारी मेंटल हेल्थ इंप्रूव होती है।



### कविता लिखें

साइकोलॉजिस्ट डॉक्टर फ्रैंक क्लार्क अकसर कविताएं लिखते हैं। वह कोई कवि नहीं है लेकिन अपने दिल की भावनाओं को कागज पर कलम से उकेरना उन्हें सुकून देता है। वह इस प्रयोग के माध्यम से डिप्रेशन से उबर चुके हैं। वह कहते हैं, 'आप हाईकू से शुरू कर सकते हैं। इसमें अपने दोस्तों को भी शामिल कीजिए। नए-नए प्रयोग कीजिए, प्रतियोगिताएं कीजिए। यह आपके मनोरंजन का एक बेहतरीन तरीका बन सकता है।'

जर्नल आफ मेडिसिन ह्यूमैनिटीज में प्रकाशित एक शोध की रिपोर्ट बताती है कि कविताओं में हीलिंग पावर होती है। दोस्तों के साथ इन्हें शेयर करने के बहुआयामी लाभ हो सकते हैं। *

डॉक्टर्स सजेशन



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# बरसात में जब करे अपच-एसिडिटी परेशान



**मेरी उम्र 34 वर्ष है। बरसात के मौसम में अकसर अपच और एसिडिटी होने लगती है। कृपया कुछ ऐसा बताएं, जिससे मुझे यह प्रॉब्लम न हो।**

**-आदित्य, हिसार**

बरसात के मौसम में सबसे ज्यादा समस्या वाटर बॉर्न डिजीजेज की होती है। कई बार सप्लाई में या अन्य जगह दूषित पानी आता है और लोग इसे पीते हैं, जिससे इस तरह की प्रॉब्लम शुरू हो जाती हैं। आपकी समस्या सुनकर ऐसा ही लग रहा है कि आपका डाइजेशन सिस्टम गड़बड़ हो जाता है। इससे बचने के लिए आप बाहर का पानी न पिएं। अपना पानी घर से लेकर निकलें। इसके साथ ही बाहर के कटे हुए फल और अन्य खुले में बिकने वाले फूड्स या फ्रूट्स का सेवन बिल्कुल ही बंद कर दें। इन बातों पर अमल करने से आपको समस्या से राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 62 वर्ष है। एक साल पहले मैंने अपने घुटने का ऑपरेशन करवाया था। पिछले एक-डेढ़ महीने से मुझे फिर से चलने-फिरने के दौरान घुटनों में दर्द हो रहा है। ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए?**

**-प्रमोद, भोपाल**

सामान्यतः इसके दो कारण हो सकते हैं। कई बार मौसम बदलते समय ऐसी दिक्कत शुरू होती है तो कभी-कभार चोट लगने से भी ऐसी तकलीफ होने लगती है। लेकिन बेहतर होगा कि आप उन्हीं डॉक्टर से संपर्क करें, जिन्होंने सर्जरी की है। वह जांच कर इसकी वजह बताएंगे और ट्रीटमेंट करेंगे। बगैर जांच करे कोई भी ट्रीटमेंट न लें।

**मेरी उम्र 52 वर्ष है। पिछले पंद्रह दिनों से मेरे सिर में हल्का दर्द बना रहता है। कभी-कभी यह दर्द बहुत तेज हो जाता है। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताएं।**

**-अखिल, धमतरी**

इस तरह के दर्द की वजह कोई चोट हो सकती है या आंखों का कमजोर होना भी वजह बन जाती है। लेकिन अगर आपको चोट नहीं लगी और आंखें ठीक हैं तो आपको जरूर एक बार डॉक्टर से संपर्क कर लेना चाहिए। बगैर जांच किए कुछ भी कहना ठीक नहीं होगा।

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। मुझे बहुत वीकनेस लगती है इसलिए मैं कुछ वीक्स से मल्टीविटामिन कैपस्यूल लेता हूं। कृपया बताएं कि यह कितना सेफ है? इसके कोई साइड इफेक्ट्स तो नहीं होंगे?**

**-सुदेश, बिलासपुर**

मल्टीविटामिन कैप्सूल खाना तो ठीक है लेकिन आपको वीकनेस आने का कारण पता लगाना चाहिए कि इसकी वजह क्या है? क्या शरीर में खून की कमी है? बेहतर होगा कि डॉक्टर से संपर्क कर अच्छी तरह जांच कराएं। अगर सब कुछ ठीक है तो विटामिन कैप्सूल के साथ आप नेचुरल प्रोटीन और विटामिन वाले फूड्स अधिक लें।

**मेरी उम्र 48 वर्ष है। बरसात के मौसम में मेरे बाल बहुत झड़ते हैं। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों होता है और इससे कैसे छुटकारा पाया जाए?**

**-दीपक, कोंडागांव**

बारिश के मौसम में त्वचा और बालों की समस्या के लिए गंदे पानी का इस्तेमाल एक बड़ा कारण हो सकता है। दूषित पानी से जहां त्वचा रोग होता है, वहीं बाल झड़ने की समस्या भी शुरू होती है। इसलिए आप कोशिश करें कि साफ पानी से ही नहाएं। साबुन और शैंपू का इस्तेमाल डॉक्टर की सलाह के बाद ही करें। इससे आपको समस्या से राहत मिलेगी। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

# बारिश के मौसम में आपको संक्रमणों से बचाएगी कच्ची हल्दी

हर्बल जोन/ रेखा देशराज



कच्ची हल्दी या फ्रेश टर्मरिक रूट एक अत्यंत प्रभावी और पारंपरिक प्राकृतिक औषधि है, विशेषकर बरसात के मौसम में जब संक्रमण, अपच और त्वचा संबंधी समस्याएं बढ़ जाती हैं। ऐसे में कच्ची हल्दी का औषधि के रूप में इस्तेमाल बहुत प्रभावी है।

**मौसमी बीमारियों से बचाएः** कच्ची हल्दी में मौजूद करक्यूमिन शक्तिशाली एंटीबैक्टीरियल, एंटीवायरल और एंटीफंगल तत्व होता है। यह करक्यूमिन मौसम बदलने के समय होने वाली जुकाम, खांसी, गले की खराश और बुखार आदि से रक्षा करता है। बरसात के मौसम में लोगों का अकसर पाचन तंत्र कमजोर हो जाता है। इन दिनों कच्ची हल्दी का इस्तेमाल पाचन संबंधी सक्रियता बढ़ाती है। कच्ची हल्दी के इस्तेमाल से गैस, अपच और पेट फूलने जैसी समस्याएं नहीं होती हैं।

**इम्यूनिटी को मजबूत करेः** कच्ची हल्दी एक नेचुरल इम्यूनिटी बूस्टर है। मानसून में जब रोग प्रतिरोधक क्षमता घट जाती है, तब यह कच्ची हल्दी इसे पुनः सक्रिय करने में मददगार साबित होती है। यह त्वचा के संक्रमण और फंगल रोगों से भी बचाव करती है। कच्ची हल्दी गठिया और जोड़ों के दर्द में राहत देती है।

**ऐसे करें इस्तेमालः** मानसून के दिनों में कच्ची हल्दी को दूध में आसानी से लिया जा सकता है। इसके लिए एक से दो इंच कद्दूकस की हुई कच्ची हल्दी को एक कप गर्म दूध में डालें और रात में पीएं। इसे शहद में भी लिया जा सकता है। एक चम्मच कद्दूकस की हुई कच्ची हल्दी में एक चम्मच शुद्ध शहद मिलाकर सुबह खाली पेट लें। एक अन्य तरीका है कि कच्ची हल्दी वाली चाय या काढ़ा पिया जाए। अगर फंगल संक्रमण है तो इसका पेस्ट बनाकर उस जगह पर लगाएं, तुरंत राहत मिलेगी।


**बरतें सावधानियांः** एक बार में कभी भी तीन या चार इंच से ज्यादा कच्ची हल्दी का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। इससे गैस या जलन हो सकती है। जिन लोगों को पित्त की समस्या हो, उन लोगों को कच्ची हल्दी का इस्तेमाल करते हुए संयम बरतना चाहिए। यदि आप ब्लड थिनर या शुगर की दवाएं ले रहे हैं, तो इसका सेवन डॉक्टर की सलाह के बाद ही करें *

# क्या युवाओं में कैंसर के लिए रसायन हैं ज़िम्मेदार

**नई दिल्ली।** पहले कैंसर को आमतौर पर बुजुर्गों की बीमारी माना जाता था लेकिन अब 50 साल से कम उम्र के लोगों में कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं, जो चिंताजनक है। इस हफ़्ते के 'एबीसी 4 कॉर्नर्स' से पता चलता है कि प्लास्टिक समेत कई रसायनों की कैंसर के बढ़ते मामलों में भूमिका हो सकती है। तो कैंसर बढ़ने के कारण क्या हैं? और हम इस संबंध में क्या कर सकते हैं?

**कैंसर बुजुर्गों को क्यों अपनी चपेट में ले रहा है?**

आपके शरीर की प्रत्येक कोशिका में आपके डीएनए की एक प्रति होती है - जो उस कोशिका को ठीक से कार्य करने का निर्देश देती है। हालांकि, डीएनए में ऐसे तरीकों से म्युटेशन हो सकता है जिससे वह कोशिका अपना वह कार्य करना बंद कर देती है जो उसे करना होता है। कुछ म्युटेशन कोशिका को अनियंत्रित रूप से बढ़ने में सक्षम बनाते हैं। कुछ म्युटेशन इसे मरने से बचाते हैं। और कुछ इसे शरीर के अन्य भागों में फैलने में मदद करते हैं जहां यह नहीं होना चाहिए। डीएनए में अधिक मात्रा में म्युटेशन कैंसर को जन्म दे सकता है। जब भी शरीर में नई कोशिका बनती है, तो डीएनए की एक नई प्रति भी बनती है। कभी-कभी संयोगवश गलतियां हो जाती हैं, जिससे म्युटेशन हो सकता है। इसे आप ऐसे समझें जैसे एक फोटोकॉपी की फोटोकॉपी बनाना। इस प्रक्रिया में हर प्रति दूसरे से थोड़ी भिन्न होती है। ज्यादातर डीएनए म्युटेशन हानिरहित होते हैं। लेकिन शरीर में हर दिन अरबों कोशिकाएं बनती हैं। इसलिए जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, शरीर में डीएनए की प्रतियों की संख्या बढ़ती जाती है, जिससे गलतियां होने की संभावना भी बढ़ जाती है। साथ ही, उम्र बढ़ने पर शरीर इन खराब कोशिकाओं को पहचान कर हटाने में भी कमजोर हो जाता है।



### युवाओं में कैंसर की बढ़ती दर चिंता का विषय

युवाओं में कैंसर की बढ़ती दर चिंता का विषय है और इसके बढ़ने में कुछ पर्यावरणीय कारक भूमिका निभा रहे हैं जिनके बारे में हमें अभी जानकारी नहीं है। पर्यावरणीय कारक वे होते हैं जो शरीर के बाहर होते हैं – जैसे रसायन, वायरस, बैक्टीरिया, शारीरिक गतिविधि और हमारा आहार। इनमें से कई पर्यावरणीय कारक डीएनए प्रतिलिपिकरण त्रुटियों की संभावना को बढ़ा सकते हैं, या यहां तक कि हमारे डीएनए को सीधे नुकसान पहुंचा सकते हैं, जिससे कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। इसका एक जाना-माना उदाहरण सूर्य से आने वाली पराबैंगनी (यूवी) किरणें है, जिससे त्वचा कैंसर हो सकता है।

### धूम्रपान से हो रहा फेफड़ों का कैंसर

दूसरा उदाहरण धूम्रपान है, जिससे फेफड़ों का कैंसर हो सकता है। सौभाग्य से, सूर्य के संपर्क में आने के खतरों के बारे में जागरुकता अभियानों और सिगरेट पीने वालों की घटती संख्या के कारण पिछले 30 वर्षों में 50 वर्ष से कम आयु के ऑस्ट्रेलियाई लोगों में त्वचा और फेफड़ों के कैंसर के मामलों में कमी आई है। लेकिन ऑस्ट्रेलिया में युवाओं में अन्य प्रकार के कैंसर जैसे यकृत, अग्न्याशय, प्रोस्टेट, स्तन और गुर्दे आदि के कैंसर बढ़ रहे हैं। यह प्रवृत्ति वैश्विक है, खासकर अमीर पश्चिमी देशों में। रसायनों की क्या भूमिका है?

### आज हम अधिक रसायनों के संपर्क में

शोधकर्ता इस वृद्धि के कारणों को समझने के लिए काम कर रहे हैं। वर्तमान में, रसायन एक विशेष रूप से महत्वपूर्ण पर्यावरणीय कारक के रूप में चर्चा में हैं। आधुनिक समय में हम अपने पूर्वजों की तुलना में अधिक रसायनों के संपर्क में हैं - जैसे वायु प्रदूषण, खाद्य योजक, प्लास्टिक और कई अन्य चीजें। शराब और सिगरेट के धुएं को छोड़ दें तो ज़्यादातर रसायन जो कैंसर से निश्चित रूप से जुड़े हैं वे ऐसे नहीं हैं जिनका लोगों को नियमित रूप से सामना करना पड़ता है। वे सिर्फ़ उद्योग जैसे स्थानों तक ही सीमित हैं। चिंता का एक मुख्य रसायन प्लास्टिक है, जो सर्वव्यापी है और लगभग हर कोई हर दिन इनसे सामना करता है। विशेषज्ञ इस बात पर सहमत हैं कि प्लास्टिक मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए समग्र रूप से बहुत बड़ा खतरा है।

खबर संक्षेप




## गुरुनानकपुरा में किया सुंदरकांड पाठ

**नारनौल।** श्री मेहंदीपुर बालाजी मित्र मंडल के तत्वावधान में मंगलवार रात को राकेश गुप्ता के निवास स्थान मोहल्ला गुरु नानकपुरा में सुंदरकांड पाठ किया गया। मुख्य अजमान कैलाश चंद्र गुप्ता, राकेश गुप्ता परिवार रहा। सर्वप्रथम आचार्य अश्वनी शर्मा ने पूजा अर्चना करवाकर हनुमान चालीसा, गणेश वंदना व रामधुन के साथ सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ किया। बालकृष्ण अग्रवाल को माला व शॉल पहनकर सम्मान किया गया। प्रवेश अग्रवाल को पगड़ी व माला पहनकर सम्मानित किया गया। पाठ की अध्यक्षता मंडल के प्रधान महावीर प्रसाद अग्रवाल ने की। राजेश सोनी ने रंग बिरंगे फूलों से बालाजी महाराज का भव्य दरबार सजाया। रामानंद शर्मा, महावीर प्रसाद अग्रवाल, संजय अग्रवाल, विजय हल्दिया, गौरीशंकर शर्मा, नवीन जैन, सीताराम, राजेश सोनी, श्यामसुंदर शर्मा, मनीष शर्मा, काशीराम सैनी, शिवशंकर अग्रवाल, सचिन बंसल, नरेंद्र गर्ग, नवीन बंसल, वीरेंद्र गर्ग ने सुंदरकांड पाठ के दौहे व चौपाइयों का गायन किया।

### हड़ताल रही बेअसर, नहीं हुआ रोडवेज का चक्का जाम, कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

# श्रमिक संगठनों के आह्वान पर बुलाई गई राष्ट्रव्यापी हड़ताल के चलते सामान्य रहे जिला मुख्यालय के हालात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

केंद्रीय और क्षेत्रीय श्रमिक संगठनों से जुड़े कर्मचारी संगठनों ने बुधवार को नए श्रम कानूनों और निजीकरण के विरोध में आयोजित का जिला मुख्यालय पर कोई खास असर दिखाई नहीं दिया। रोडवेज के एक संगठन की चक्का जाम की घोषणा के बावजूद रोडवेज बसें प्रतिदिन की भांति सामान्य तौर पर चली और बाजार भी आम दिनों की तरह सामान्य रूप से खुले रहे और इनमें लोगों का आना-जाना भी खूब रहा। बैंकों की यूनियन एआईबीईए से यहां का कोई बैंक संगठन जुड़ा न होने से बैंकों में हड़ताल का असर नगण्य रहा। बैंक आमदिनों की भांति ही खुले रहे। इससे पब्लिक में हड़ताल का कोई असर नजर नहीं आया। हालांकि जिन संगठनों ने पहले ही इस हड़ताल में शामिल होने की घोषणा कर रखी थी, उन संगठनों की ओर से नारनौल के पुराने लघु सचिवालय पार्क में एक मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसे संगठन नेताओं ने संबोधित किया और सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए उसे विभिन्न मुद्दों पर घेरा। इस मीटिंग के बाद







**नारनौल।** पुराने लघु सचिवालय पार्क में मीटिंग करते हुए। व मांगों को लेकर प्रदर्शन करते कर्मचारी संगठन। फोटो : हरिभूमि

### 22वीं आम हड़ताल

ये बदलाव भारतीय किसानों की स्वतंत्रता को खत्म कर देंगे और खाद्य सुरक्षा पर विनाशकारी प्रभाव डालेंगे। मेहनतकश लोगों और देश के हितों की रक्षा के लिए आरएसएस-भाजपा गठबंधन की मजदूर विरोधी, किसान विरोधी नीतियों को उलटना अपरिहार्य है। 1991 में भारत में नवउदारवादी नीतियों के आगमन के बाद से यह 22वीं आम हड़ताल है। आज की 9 जुलाई की हड़ताल की सफलता दिल्ली की सीमाओं पर 2020-21 के ऐतिहासिक किसान संघर्ष से भी बड़े, अधिक शक्तिशाली संघर्षों को प्रज्वलित करेगी, जिसे मजदूर वर्ग द्वारा सक्रिय रूप से समर्थन दिया गया था। उन्होंने कहा कि हड़तालों के संघर्षों को और अधिक व्यापक, टिकाऊ, शक्तिशाली बनाने की आवश्यकता है। हम तभी कामयाब होंगे, जब हमारे संगठन मजबूत होंगे और उससे ज्यादा से ज्यादा लोग जुड़े होंगे, जिससे हमारी सभी मांगें पूरी हो सकें।

पुराने लघु सचिवालय पार्क से महावीर चौक तक एक जोरदार प्रदर्शन आयोजित किया गया, जिसमें सैकड़ों कर्मचारियों ने भाग लिया। यह संगठन आमतौर पर कम्यूनिस्ट संगठनों के जुड़े हुए थे और उन्हीं ने इसमें भागेदारी दिखाई। हड़ताल में मुख्यतः मिड डे मील वर्कर, ग्रामीण सफाई मजदूर, ग्रामीण चौकीदार, रिटायर्ड कर्मचारी संघ, किसान खेत मजदूर संगठन, भवन निर्माण मजदूर मिस्त्री, आशा वर्कर एवं हेल्पर, आंगनबाड़ी वर्कर एवं हेल्पर के अलावा सर्व कर्मचारी संघ जैसे संगठन से जुड़े पीडब्ल्यूडी व रोडवेज के कुछ सरकारी कर्मचारियों ने भी भाग लिया। प्रदर्शन महावीर चौक पर संपन्न हुआ। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने सरकार को जगाने के लिए जोरदार नारेबाजी भी की।

येचार श्रम संहिताएं सबसे अधिक तानाशाही और अलोकतांत्रिक चरित्र की हैं और अंततः कामकाजी लोगों की स्वतंत्रता और देश की संप्रभुता को खतरे में डाल देंगी। इसलिए सभी स्वतंत्रता-प्रेमी नागरिकों के लिए श्रम संहिताओं को हमेशा के लिए दफनाने की लड़ाई में शामिल होना महत्वपूर्ण है। श्रमिकों की मांगों का समर्थन करने के अलावा किसानों की मांगों पर भी संघर्ष तेज करने का आवश्यकता है। सभी फसलों की खरीद की गारंटी के साथ एमएसपी कानून बनाना, किसानों को कर्ज के जाल से मुक्त करने और देशभर में बड़े पैमाने पर किसान आत्महत्याओं को समाप्त करने के लिए व्यापक ऋण माफी, कृषि बाजार पर राष्ट्रीय नीति के मसौदे को वापस लेना, कृषि, उद्योग और सेवाओं को नुकसान पहुंचाने वाले भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर नहीं करना, बिजली का निजीकरण नहीं करना, एलएआरआर अधिनियम 2013 का उल्लंघन समेत भूमि का अंधाधुंध अधिग्रहण समाप्त करना, मनरेगा में 200 दिन का काम और 6,00 रुपये दैनिक मजदूरी सुनिश्चित करना, कृषि श्रमिकों, किसानों, ग्रामीण मजदूरों के लिए न्यूनतम मजदूरी आदि शामिल है।

### ये रहे मौजूद

इस प्रदर्शनकारी वक्ताओं में मुख्यतः कामरेड बलबीर, मास्टर धर्मेंद्र यादव, सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान कौशल यादव, छाजूराम रावत, मास्टर सुबेसिंह, महेंद्र बोयत, हरीराम, आंगनबाड़ी प्रधान संतोष, ग्रामीण चौकीदार धर्मपाल, सीताराम, पटवारी प्रधान सुनील तंवर, रोडवेज प्रधान हंसराज, मिड डे मील की सुनीता, किरोड़ीमल सैनी बिजली निगम, बी एंड आर से कपिल यादव व जोगेंद्र शर्मा आदि शामिल रहे।

### 8 घंटे काम करने का अधिकार बरकरार नहीं रहेगा

प्रदर्शन से पहले पुराने लघु सचिवालय पार्क में एकत्रित कर्मियों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि इस हड़ताल की मुख्य मांगों में चार श्रम संहिताओं को निरस्त करना, सार्वजनिक उपक्रमों का निजीकरण रोकना और सार्वजनिक सेवाओं में सुधार, रोजगार में ठेका प्रथा और अनियमितता समाप्त करना तथा न्यूनतम वेतन 26,000 रुपये प्रतिमाह कराना है। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था के निगमीकरण का विरोध करने तथा भारत की स्वतंत्रता की रक्षा करने के लिए निर्णायक नीतिगत आवश्यकताएं हैं। चार लेबर कोड हायर और फायर पॉलिसी के आधार पर ठेका प्रथा को वैध बनाती हैं। एकबार लागू होने के बाद यह न केवल मौजूदा श्रमिकों के अधिकारों को बल्कि अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों में श्रमिकों की आगामी पीढ़ियों को तबाह कर देगा। युवा सामाजिक सुरक्षा और सेवानिवृत्ति लाभों के साथ नियमित रोजगार प्राप्त करने का सपना नहीं देख सकते। 8 घंटे काम करने का अधिकार बरकरार नहीं रहेगा और कॉरपोरेट मुनाफाखोरी को सुविधाजनक बनाने के लिए व्यापार को आसान बनाने की आड़ में कामकाजी लोगों पर गुलामी के नए रूप थोपे जाएंगे। श्रमिक संघ बनाने का अधिकार, वेतन बढ़ाने के लिए सौदेबाजी का अधिकार और हड़ताल करने का अधिकार खो देंगे।



## युवा जोड़ो अभियान का शुभारंभ करेंगे दिग्विजय चौटाला तीन गांवों में निर्धारित किए जनसंपर्क कार्यक्रम

**नांगल चौधरी।** जेजेपी के हलका प्रभारी विनोद भील व प्रधान एडवोकेट प्रमोद ताखर की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न हुई। जिसमें पार्टी के युवा जोड़ो अभियान को सफल बनाने के लिए रूपरेखा बनाई गई। इनसो प्रमुख दिग्विजय चौटाला ने 12 जुलाई को नांगल चौधरी हलके के तीन गांवों में जनसंपर्क कार्यक्रम निर्धारित किए। उन्होंने बताया कि जेजेपी में पूर्व उप प्रधानमंत्री चौ. देवीलाल की विचारधारा का समावेश है। पार्टी के कार्यकर्ता विषम परिस्थितियों में हार नहीं मानते तथा संघर्ष जारी रखते हैं। विधानसभा चुनावों में पार्टी को एक भी सीट जीतने में सफलता नहीं मिली, बावजूद कार्यकर्ता निराश नहीं हैं और संगठन को मजबूत करने के मकसद से युवा जोड़ो अभियान चलाया है। इनसो प्रमुख दिग्विजय चौटाला 12 जुलाई की शाम चार बजे इकबालपुर नंगली में कार्यकर्ताओं से रूबरू होंगे। इसके बाद पांच बजे ढाणी बायां वाली तथा छह बजे कालबा गांव में युवाओं को पार्टी से जोड़ेंगे। जिसमें जजपा सुप्रीमो डॉ. अजय चौटाला के दिशानिर्देशों की जानकारी दी। इस मौके पर पूर्व हलका प्रधान हजारीलाल लंबोरा, अमर सिंह चौधरी, लीलाराम, कलदीप चौधरी, दीपक कुमार, प्रदीप कुमार, राहुल, मनीष कुमार, रणदीप, अशोक पूर्व सरपंच मौजूद रहा।

## डीसी सिंघानिया मेमोरियल मेडल सम्मान समारोह 11 को

**महेंद्रगढ़।** सिंघानिया विश्वविद्यालय पचेरीबाड़ी द्वारा शुक्रवार को डीसी सिंघानिया मेमोरियल मेडल सम्मान समारोह का आयोजन भव्य रूप में किया जाएगा। यह सम्मान विश्वविद्यालय के संस्थापक, स्वर्गीय डीसी सिंघानिया जी की पुण्य स्मृति में आरंभ किया गया है, जिसका उद्देश्य क्षेत्र के विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की शैक्षणिक व सह-पाठ्यचर्या गतिविधियों में उत्कृष्टता को पहचानना और प्रोत्साहित करना है। राजस्थान राज्य निर्वाचन आयुक्त डॉ. मधुकर गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में पधारेंगे एवं चयनित मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करेंगे। इस समारोह में झुंझुनूं एवं आसपास के क्षेत्रों के विद्यालयों के प्राचार्यगण, शिक्षकगण, अभिभावक, क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक तथा विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहेंगे।



# गोरक्षक बिरेंद्र के जन्मदिन पर लगाया रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी

गोरक्षक दल के प्रधान बिरेंद्र गोठड़ी के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसमें विभिन्न सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता व युवाओं ने सैकड़ों यूनिट रक्तदान करके दीर्घायु की मन्नतें मांगी हैं। कार्यकम में युवाओं को गोपालन व गोसेवा के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाग्रस्त को सबसे पहले रक्त की जरूरत होती है, लेकिन रक्त मेडिकल स्टॉर पर उपलब्ध नहीं होता। ना ही करोड़ों खर्च करके रक्त का उत्पादन किया जा सकता है।

मानव के शरीर में रक्त का निःशुल्क उत्पादन होता है, जिनके डोनेट करने पर ही पीड़ितों के जीवन की रक्षा हो पाएगी। रक्तदान करने वालों को बीपीए हार्ट व मोटापा जैसी बीमारियों से निजात मिलती है, साथ ही रक्तदाता के शरीर में कोई कमजोरी या परेशानी नहीं होती। तीन महीने बाद जरूरत पड़ने पर दुबारा रक्तदान कर सकते हैं, क्योंकि शारीरिक तंत्रों द्वारा एक महीने में ही पूर्ति कर ली जाती है। उन्होंने युवाओं से शादी व अन्य खुशियों के अवसर पर रक्तदान करने का संदेश दिया। इसके बाद रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। इस मौके पर करीब 80 पंचायतों के प्रतिनिधि, बजरंगदल के कार्यकर्ता तथा विभिन्न गांवों के प्रबुद्धजन मौजूद रहे।



**नांगल चौधरी।** शिविर में रक्तदाताओं को सम्मानित करता गोरक्षक दल का प्रधान बिरेंद्र गोठड़ी।



**नारनौल।** छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित करते पूर्व प्राचार्य सज्जन सिंह यादव।

## संतोष मेमोरियल में पीजी कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने पूर्ण की एक माह की इंटर्नशिप

**नारनौल।** हुडा सेक्टर एक स्थित संतोष मेमोरियल पुनर्वास एवं अनुसंधान केंद्र में गवर्नमेंट पीजी कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने सफलतापूर्वक एक माह की इंटर्नशिप पूर्ण कर ली है। हरियाणा सरकार से सेवानिवृत्त प्राचार्य, पर्यावरणविद् एवं समाजसेवी सज्जन सिंह यादव ने प्रतिभागी विद्यार्थियों को इंटर्नशिप प्रमाण पत्र प्रदान किए तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अपने प्रेरणादायक संबोधन में पूर्व प्राचार्य सज्जन सिंह ने युवाओं की सामाजिक सेवा में भागीदारी की सराहना की और विशेष रूप से दिव्यांगजन के सशक्तिकरण हेतु ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों की आवश्यकता पर बल दिया। संस्थान की प्राचार्य डॉ. आरएन यादव एवं विशेष विद्यालय की प्रधानाचार्य अनीता ने विद्यार्थियों की लगन, अनुशासन और सेवा भावना की प्रशंसा करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में सशक्त माध्यम बन सकती है। डॉ. आरएन यादव ने बताया इंटर्नशिप के दौरान विद्यार्थियों ने रघुनाथपुरा एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जाकर विशेष सर्वेक्षण किया तथा दिव्यांगता के प्रति लोगों को जागरूक किया।

## यदुवंशी स्कूल में विज्ञान गतिविधियां आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

यदुवंशी स्कूल में प्राइमरी विंग के विद्यार्थियों के लिए विज्ञान गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में वैज्ञानिक सोच, जिज्ञासा एवं रचनात्मकता को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम की शुरूआत विज्ञान अध्यापिका द्वारा की गई, जिन्होंने विद्यार्थियों को विज्ञान के महत्व के बारे में बताया।

कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने विभिन्न रोचक प्रयोग प्रस्तुत किए। छात्रों ने पानी में वस्तुओं के तैरने-डूबने, बल और गति, प्रकाश का परावर्तन जैसे आसान और मजेदार प्रयोग करके विज्ञान की जटिल अवधारणाओं को सरल तरीके से समझाया। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और रूचि के साथ गतिविधियों में भाग लिया। प्राचार्य पवन कुमार ने कहा कि विज्ञान केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा है।

उन्होंने छात्रों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने और प्रयोगात्मक तरीके से सीखने के लिए प्रेरित किया। चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति जिज्ञासा जगाते हैं और उन्हें व्यवहारिक ज्ञान से जोड़ते हैं। विद्यार्थियों को इस प्रकार की गतिविधियों में भाग लेना चाहिए ताकि अपनी प्रतिभा को निखार सके।



**महेंद्रगढ़।** बनाए हुए पोस्टर दिखाते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव, वाइस चेयरपर्सन संगीता यादव, ग्रुप निदेशक विजय सिंह यादव, फाउंडर डायरेक्टर डॉ. राजेंद्र सिंह यादव ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

## नगर पालिका कनीना चेयरपर्सन ने बनाई रूपरेखा: 2500 लाइटों से जगमग होगा कनीना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

नगर पालिका क्षेत्र में फिलहाल 1950 लाइटें जगमग हो रही हैं। इसके अलावा 500 लाईटों की डिमांड ओर की गई है। जिनके लगने के बाद पूरा कनीना रोशन होगा। ढाई हजार लाइटों में तिरंगा व दूधिया थी शामिल हैं। लाइटों की नियमित रूप से देखरेख के लिए लाइट इंस्पेक्टर बिरेंद्र सिंह की नियुक्ति की गई है। उन्होंने कहा कि कनीना महेंद्रगढ़ व अटेली सड़क मार्ग से कुछ तिरंगा लाइटें गायब हुई हैं, जिनकी बरामदगी के लिए सीसीटीटी कैमरों को खंगाला जा रहा है। वहीं पुलिस की सहायता ली जा रही है।

नगर पालिका चेयरपर्सन डॉ रिंपी लोढ़ा ने बताया कि नगर पालिका की दुकानों का किराया लंबित है। करोड़ों रुपये अटके होने से विकास कार्यों में बाधा आ रही है। उनकी ओर से जनहित के कार्य प्राथमिकता के आधार पर करवाएं जा रहे हैं। मानसून आगाज से पूर्व नालों की सफाई करवाई गई है। वहीं लोक निमाण विभाग व सीवरेज सफाई के लिए जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को अवगत करवाया गया है। उन्होंने बताया कि शहर की सुंदरता को बनाए रखने के लिए आमजन का सहयोग जरूरी है।



## रोड रूल्स, लाइफ टूल्स अभियान के तहत बस स्टैंड पर जागरूकता शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र सूरा के दिशा निर्देशानुसार व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीलम कुमारी के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे रोड रूल्स, लाइफ टूल्स अभियान के तहत बुधवार को बस स्टैंड पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ता सुरेश कुमार यादव ने उपस्थित लोगों व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि ट्रैफिक नियमों का पालन कर हम न केवल अपनी सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं, बल्कि दूसरों की भी सुरक्षा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक नियमों का पालन करते हुए कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और कार चलाते समय सीटबेल्ट पहनना चाहिए। हमें निर्धारित गति सीमा में गाड़ी चलानी चाहिए व ओवरस्पीडिंग से बचना चाहिए। वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इन नियमों का पालन करकेए हम सड़क दुर्घटनाओं को कम कर सकते हैं और सभी के लिए एक सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित कर सकते हैं। हरियाणा रोडवेज से जनरल मैनेजर मनोज शर्मा व वर्कशॉप इंचार्ज कंवर सिंह ने इस प्रकार का जागरूकता कार्यक्रम करने के लिए टीम का धन्यवाद किया। एसएचओ अनिल कुमार ने यातायात नियमों, चालान व जुर्माना प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मौके पर रेडक्रॉस सोसाइटी से डिवीजनल कमांडर टेकचंद यादव, ब्रिगेड ऑफिसर विजय सिंह ने भी सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में जानकारी दी।



**नारनौल।** सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में ।नकारी देते अधिवक्ता सुरेश कुमार व एसएचओ अनिल कुमार।

# प्रशिक्षण कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य गरीब परिवारों के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना: एचआर सभरवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान नसीबपुर में बुधवार को संस्थान के निदेशक एचआर सभरवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संस्थान के निदेशक एचआर सभरवाल ने कहा कि ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान भारत सरकार की एक पहल है। इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण इलाकों में रहने वाले गरीब परिवारों के युवाओं को स्वरोजगार प्रदान करके उन्हें आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि पीएनबी आरसेटी में प्रशिक्षण लेने के लिए युवाओं की आयु 18 से 45 वर्ष के बीच में होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के लिए सभी वर्गों के पुरूष व महिलाएं समान रूप से पात्र हैं।

उन्होंने बताया कि कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में 37 प्रशिक्षण कोर्स करवाए गए। जिसमें कुल 1038 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षत किया गया। उन्होंने कहा कि महिलाएं हो या पुरुष आज सभी अपने सुन्दर लुक के प्रति सजग नजर आते हैं। जब सभी खुबसूरत नजर आना चाहते हैं, तो निश्चित तौर पर ब्यूटी पार्लर और ब्यूटीशियन का काम भी बड़े पैमाने पर ही होगा, यही वजह है कि ब्यूटीशियन की मांग तेजी से बढ़ रही है। वर्तमान में फलते फूलते स्वरोजगारों पर अगर नजर डालें तो ब्यूटी पार्लर का काम उनमें अलग ही चमकता नजर आएगा। उन्होंने कहा कि जहां तक ब्यूटीशियन बनने की बात है तो ब्यूटीशियन बनना बहुत आसान है, लेकिन एक कुशल ब्यूटीशियन बनने के लिए आपको प्रशिक्षण से लेकर अच्छी रूचि और अपने को नवीनतम तकनीक को अपडेट रखने की जरूरत पड़ेगी। इसके अलावा ब्यूटीशियन को डिजाइनिंग के हिसाब से सामने वाले को सजाने सवारने का जितना अनुभव होगा उसका काम और नाम भी उतना ही होगा।

उन्होंने कहा कि लड़कियां किसी भी क्षेत्र में लड़कों से पीछे नहीं हैं। इसलिए उनको आत्मविश्वासी स्वावलम्बी बनना चाहिए। उन्होंने बताया कि कुछ लोग पढ़ने में अच्छे होते है और उसी के बल पर अपनी मंजिल हासिल कर लेते है, तो कुछ पढ़ने में भले ही औसत दर्जे के हों पर हाथ के हुनर के बल पर सफलता की सीढ़ियां चढ़ते चले जाते हैं।



**नारनौल।** ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ करते संस्थान के निदेशक एचआर सभरवाल। फोटो : हरिभूमि

## हिंदुस्तान पब्लिक सलीमपुर में साइंस क्विज प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

हिंदुस्तान पब्लिक स्कूल सलीमपुर में आयोजित साइंस क्विज प्रतियोगिता में चारों सदन न्यूटन, आइंस्टीन, कलाम एवं एडिशन सदन के बच्चों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता में कक्षा सातवीं से दसवीं तक के बच्चों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में बच्चों से विज्ञान संबंधी प्रश्न पूछे गए, जिसमें एडिशन सदन ने प्रथम स्थान हासिल किया वह दूसरे स्थान पर कलाम सदन अपनी जगह बनाने में कामयाब रहा। स्कूल के प्राचार्य अनूप कुमार ने बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिता से बच्चों में एक नई ऊर्जा व नया सीखने को मिलता है। इससे बच्चों में आपस में प्रतिस्पर्धा की भावना उत्पन्न होती है। सभी अध्यापकों ने प्रथम स्थान पाने वाले सदन के छात्रों को बधाई दी वह उज्जवल भविष्य की कामना की है। स्कूल डायरेक्टर राकेश यादव ने बताया कि कि आज के समय में विज्ञान का हर जगह प्रयोग होता है तथा बच्चों में भी वैज्ञानिक दृष्टिकोण होना चाहिए, जो कि उन्हें आगे बढ़ने तथा नए इनोवेशन को प्रेरित करते हैं।



**मंडी अटेली।** साइंस क्विज प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चे के साथ स्कूल स्टाफ।

### सार्वजनिक सूचना

मैं पारस राव पुत्र श्री वीरेंद्र गांव कमानिया तहसील नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ़ बयान करता हूं कि मैंने अपना नाम पारस से पारस राव रख लिया है। भविष्य में सभी कार्यों में मुझे पारस राव के नाम से जाना जाएं।

# कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस की एडवाइजरी: आईडी की फोटोकॉपी थाना में करवाएं उपलब्ध

**खास बातें**

- श्रावण माह की शुरूआत 11 जुलाई से श्रद्धालु हरिद्वार से कांवड़ लेकर अपने गंतव्य की तरफ करेंगे प्रस्थान
- पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिले में कांवड़ यात्रा के मद्देनजर पुलिस विभाग अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने कांवड़ यात्रा के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व आवश्यक जानकारी एकत्रित करने हेतु सभी थाना प्रभारी व चौकी इंचार्जों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए हैं। इसके साथ ही कांवड़ लेने के लिए जाने वाले सभी श्रद्धालुओं से सहयोग की अपील की है कि कांवड़ व डाक कांवड़ लेने जाने से पूर्व सभी श्रद्धालु संबधित थाना में अपनी एक आईडी की फोटोकॉपी के साथ गांव का नाम, जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या व उनकी आईडी, मोबाइल नंबर, वाहन नंबर, वाहन के मालिक का नाम व मोबाइल नंबर अपने संबंधित थाना में उपलब्ध करवाने उपरांत ही जाएं, ताकि कांवड़ यात्रा के दौरान किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न होती है, तो संबंधित प्रदेश की पुलिस से समन्वय स्थापित कर समय रहते समाधान किया जा सकें। पुलिस का प्रयास है कि कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना ना करना पड़े।

बता दें कि श्रावण माह की शुरूआत से ही 11 जुलाई से श्रद्धालु हरिद्वार उत्तराखंड से कांवड़ लेकर अपने गंतव्य की तरफ प्रस्थान करेंगे। हरियाणा के विभिन्न जिलों के अतिरिक्त राजस्थान से भी कांवड़िए महेंद्रगढ़ के रास्ते अपने गंतव्य पर पहुंचते हैं। कांवड़ यात्रा के सफल आयोजन व कांवड़ियों की सुरक्षा को मध्य नजर रखते हुए जिला पुलिस की ओर से समय रहते सुरक्षा के सभी पुख्ता बंदोबस्त किए गए हैं। जिले में भीतरी नाकों के अलावा इंटरस्टेट नाका से जिन भी मार्गों से कांवड़िए गुजरते हैं, उन सभी मार्गों पर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाने के साथ ही मुख्य चौक चौराहों पर बैरिकेडिंग करवाई जाएगी।

### पुलिस अलर्ट: एसपी



पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिले में कांवड़ यात्रा के मद्देनजर पुलिस विभाग अलर्ट है। कांवड़ यात्रा में किसी प्रकार का कोई हथियार, नुकीले भाले इत्यादी लेकर चलने पर पूरी तरह से पाबंदी रहेगी। महेंद्रगढ़ जिले के बागोत में स्थित शिव मंदिर में भारी संख्या में श्रद्धालु कांवड़ लेकर पहुंचते हैं। कांवड़ यात्रा के सफल आयोजन व कांवड़ियों की सुरक्षा को मध्य नजर रखते हुए पुलिस की ओर से समय रहते सुरक्षा के सभी पुख्ता बंदोबस्त करने के प्रयास किए जाएंगे। प्राचीन शिव मंदिरों पर पुलिसकर्मियों की ड्यूटियां लगाई जाएंगी। जिन भी मार्गों से कांवड़िए गुजरते हैं, उन सभी मार्गों पर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाने के साथ ही मुख्य चौक चौराहों पर बैरिगेटिंग करवाई जाएगी।

-एसपी पूजा वशिष्ठ

### अनुमति लेकर लगाएं कांवड़ शिविर

जिले में कावड़ियों की सेवा व विश्राम करने के लिए यात्रा के दौरान विभिन्न संस्थाओं व श्रद्धालुओं की ओर से विभिन्न स्थानों पर शिविर लगाए जाते हैं। प्रशासन से अनुमति लेकर शिविर लगाएं और निर्धारित किए नियमों की पालना करें। सड़क से 20 मीटर अंदर शिविर का पंडाल लगाएं। पार्किंग व्यवस्था भी सड़क से दूर रखनी होगी, साथ ही बेरिगेटिंग करवाएं। पंडाल पर पर्याप्त सीसीटीवी कैमरे लगवाएं।

### कांवड़िए रखे विशेष ध्यान

कांवड़ यात्रा के दौरान भांग व नशा करने तथा मौज मस्ती में शोर मचाने वालों पर पुलिस को विशेष ध्यान रखने व यातायात बाधित न होने देने के संबंध में निर्देश दिए हैं। संवेदनशील क्षेत्र में पुलिस का भ्रमण रहेगा। कांवड़ यात्रा के दौरान अपना पहचान पत्र साथ लेकर जाएं। ध्वनि प्रदूषण के संबंध में माननीय सर्वोच्च न्यायालय की ओर से जारी किए निर्देशों की पालना करें। पुलिस अधीक्षक ने सभी श्रद्धालुओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि शांति कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें।

**खबर संक्षेप**

### पोर्टल पर पंजीकरण करवाएं किसान : रजनीश

**मंडी अटेली।** खण्ड कृषि अधिकारी रजनीश कुमार ने किसानों से अपील की है कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल खुल चुका है। सभी किसान समय रहते अपनी फसलों का ब्योरा पोर्टल पर जरूर दर्ज करवाएं, ताकि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ आप को मिल सके। विभाग द्वारा अबकी बार प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों हेतु भी मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर ही सुचना दर्ज करवाने का मौका दिया गया है।

### जिला लोक संपर्क समिति की बैठक आज

**नारनौल।** पंचायत भवन में 10 जुलाई को दोपहर दो बजे होने वाली जिला लोक संपर्क एवं जन परिवेदना समिति की मासिक बैठक अब दोपहर एक बजे होगी। इसमें सहकारिता मंत्री अरविंद कुमार शर्मा पहले से निर्धारित 12 मामलों की सुनवाई करेंगे, जिनका संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा समाधान किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने बताया कि कार्यकारी अभियंता लोक निर्माण विभाग भवन एवं सड़क का एक, पुलिस अधीक्षक के दो, उपमंडल अधिकारी नांगल चौधरी का एक, अधीक्षण अभियंता जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के दो, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी का एक, तथा कार्यकारी अभियंता दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम लिमिटेड का एक मामला सुनवाई के लिए रखा जाएगा।

## प्रदेश में प्रशासनिक व्यवस्था बिल्कुल चरमराई, शासन सोया कुंभ करनी नींद

# पंच सुरेंद्र यादव का आमरण अनशन सातवें दिन भी जारी, अनशनकारी की बिगड़ी तबीयत

**विभिन्ना स्तर पर की गई भ्रष्टाचार की निष्पक्ष एजेंसी से जांच करवाने की अपील**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

पंच सुरेंद्र यादव का अनिश्चितकालीन धरना सातवें दिन भी जारी रहा। पाली भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं माजरा खुर्द की सरपंच के भ्रष्टाचार को लेकर डॉ. भीमराव आंबेडकर चौक पर गांव के पंच सुरेंद्र सिंह यादव का अनिश्चितकालीन धरना सातवें दिन में प्रवेश कर गया। अनशनकारी की हालत दिन-प्रतिदिन बिगड़ती जा रही है। बुधवार को डॉक्टरों के एक दल ने उनका चिकित्सा जांच की। पंच सुरेंद्र सिंह ने कहा कि प्रदेश में प्रशासनिक व्यवस्था बिल्कुल चरमरा गई है। वे पिछले सात दिनों से आमरण अनशन पर बैठे हैं। लेकिन शासन व प्रशासन की कुंभ करनी नींद नहीं खुल रही। सरपंच द्वारा किए गए भ्रष्टाचार, अनियमितताएं, घोटाले की जांच होने के बावजूद भी उपायुक्त के आदेशों की बीडीपीओ द्वारा कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई, जिससे पंच सुरेंद्र सिंह यादव को अपनी कार्रवाई करवाने के लिए आमरण अनशन पर बैठने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्होंने कहा कि लोगों की शिकायतें सीएम विंडो तथा समाधान शिविरों में लगाई जा रही है जिन पर कोई सुनवाई नहीं हो रही। प्रदेश सरकार द्वारा लगाए जा रहे समाधान शिविर महज औपचारिकता वह दिखावा भर रह गए। उन्होंने सीएम विंडो तथा समाधान शिवर में लगाए गए शिकायत का समाधान न होने के कारण आखिरी अनिश्चितकालीन धरना का रास्ता चुनना पड़ा। उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा की गई शिकायत पर बीडीपीओ महेंद्रगढ़ में 27 मार्च को समय मांगा था। लेकिन इस अवधि के दौरान सरपंच के खिलाफ प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने अपील की है की उच्च स्तरीय एजेंसी द्वारा गांव माजरा खुर्द की सरपंच द्वारा विभिन्न स्तर पर की गई भ्रष्टाचार की निष्पक्ष एजेंसी से जांच करवाई जाए।



**महेंद्रगढ़।** अनशनकारी सुरेंद्र यादव की जांच करते चिकित्सक। *फोटो: हरिभूमि*

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर संदीप कुमार माजरा खुर्द, भूप सिंह ढाणी फौगाट, रविकांत माजरा खुर्द, संजय माजरा खुर्द, संदीप महेंद्रगढ़, कृष्ण चितलांग, बलजीत चितलांग, देवेंद्र कुमार सिसोठ, दौलत राम माजरा खुर्द, दुष्यंत माजरा खुर्द, जगदीश प्रधान महेंद्रगढ़, सोमबीर बवाना, हरिभगवान सुरजनवास, कामरेड बलवीर शर्मा मांडोला, मदनलाल जांगड़ा पायगा, राजाराम सुरजनवास, गजराज महाराज मालड़ा, बबलू माजरा खुर्द, इंद्रजीत सिंह माजरा खुर्द, लीलाराम माजरा खुर्द, सत्यवान माजरा खुर्द, राजपाल माजरा खुर्द, मुकेश, पप्पू, उदयराम, कांता माजरा खुर्द, पीयूष माजरा खुर्द आदि मौजूद रहे।



**मंडी अटेली।** शराब ठेके को हटाने के लिए मंत्री के पीए को ज्ञापन सौंपते हुए।

### धन्नौदा रोड पर रिहायशी क्षेत्र में शराब का ठेका खोलने पर विरोध जारी

**मंडी अटेली।** कस्बे के धन्नौंदा रोड पर वार्ड तीन-चार के रिहायशी क्षेत्र में शराब का ठेका स्थापित करने के विरोध में वार्ड व रोड के नागरिकों का धरना-प्रदर्शन जारी है। बुधवार को वार्ड के लोगों कस्बे के 8 पार्षदों व चेयरमैन संजय गोयल समेत स्वास्थ्य मंत्री आरती राव के पीए गोविंद गोस्वामी को ठेका हटाने के की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। इससे पहले शनिवार को वार्ड के लोगों ने सांकेतिक धरना-प्रदर्शन कर थाना प्रभारी, मंगलवार को डीसी, आबकारी विभाग को ज्ञापन सौप चुके हैं। ठेके को हटाने के लिए पिछले चार-पांच दिनों से धरना प्रदर्शन चला हुआ है। धरने में बड़ी संख्या में अटेली कस्बे के गणमान्य लोग शामिल हुए। धरने में नपा चेयरमैन संजय गोयल, पार्षद प्रेमलता, स्नेहलता, अनिल गुप्ता, राकेश सैनी, अशोक जांगड़ा, अलका यादव, मुकेश जांगिड़, मनीष वाल्मीकि, समाज सेवी वीरेंद्र सिंह, रिटायर्ड गिरदावर वेद प्रकाश, सुनील प्रजापति, समाजवादी नेता डा. जितेंद्र पाल, रिटायर्ड प्राचार्य डा. सतबीर यादव, डा. राजेंद्र गौड़, विजयपाल रोहिल्ला, अनिल, सुनील, राजेंद्र, उमराव सिंह ठेकेदार, कालू चक्की वाला, किशोरी जांगिड़, चेतराम, सुनीता, अनीता, निर्मला, बिमला, कविता व मंजू यादव सहित बड़ी संख्या में महिलाओं समेत अनेक गणमान्य लोग ने ठेके को हटाने की मांग की। वार्ड के लोगों ने ठेके से प्रदर्शन कर मंत्री आरती राव के कार्यालय अटेली में ज्ञापन दिया।

## भाजपा की जिला कार्यकारिणी में छह नए जिला उपाध्यक्ष नियुक्त



**नारनौल।** पत्रकारवार्ता करते भाजपा जिलाध्यक्ष यतेंद्र राव। *फोटो: हरिभूमि*

- सपना गुप्ता को जिला मंत्री बनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली के दिशा-निर्देश पर जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव की अध्यक्षता में बुधवार को स्थानीय पीडब्ल्यूडी विश्रामगृह में नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई। नई जिला कार्यकारिणी में छह उपाध्यक्ष, दो महामंत्री, छह मंत्री, एक कोषाध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी शामिल हैं। घोषित कार्यकारिणी के अनुसार पूर्णचंद गोठड़ी, महिपाल यादव, डॉ. राकेश कुमार, वासुदेव यादव, जोगेंद्र सिंह राजपूत एवं शिवरतन को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसी प्रकार पूर्व नगर पार्षद किशन लाल सैनी एवं योगेश शास्त्री को जिला महामंत्री बनाया गया है, जबकि नीलम कुमारी, संदीप मालड़ा, मनीष संघी, अर्चना ठाकुर, रवि दत्त सरपंच व सपना गुप्ता को जिला मंत्री बनाया गया है। पवन देव को जिला कोषाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अतिरिक्त सरला यादव को जिला प्रवक्ता, विकास अग्रवाल को मीडिया प्रमुख, संजय अमन कार्यालय मंत्री, आनंद मेहता आईटी प्रमुख, भवानी शंकर शर्मा सोशल मीडिया प्रमुख एवं भवानी सिंह राजपूत को मन की बात प्रमुख बनाया गया है। यह सभी नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू हो चुकी हैं। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व जिला प्रधान राकेश शर्मा एडवोकेट, पूर्व जिला प्रधान दयाराम यादव, नवनियुक्त उपाध्यक्ष वासुदेव यादव आदि मौजूद रहे।

### गुरु महाराज दक्ष प्रजापति जयंती समारोह 13 को




**नारनौल।** हरियाणा सरकार की ओर से राज्य स्तरीय गुरु महाराज दक्ष प्रजापति जयंती का आयोजन 13 जुलाई को सुबह 10 बजे मेला ग्राउंड भिवानी में किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि होंगे, अध्यक्षता कैबिनेट मंत्री रणवीर सिंह गंगवा करेंगे। इसके साथ हरियाणा सरकार का शीर्ष नेतृत्व भी विशेष रूप से उपस्थित रहेगा। यह आयोजन केवल एक त्योहार ही नहीं, बल्कि समाज के स्वाभिमान, भारतीय संस्कृति और संगठनात्मक शक्ति का प्रतीक भी बनेगा। राष्ट्रीय प्रजापति महासभा जिला महेंद्रगढ़ इकाई के जिला अध्यक्ष व राष्ट्रीय सचिव विजय सिंह प्रजापति ने बताया कि यह खास दिन समाज के लिए विशेष रूप में महत्व रखता है।

## बावड़ीपुर की गलियों में खड़ा पानी, बीमारी फैलने का डर

- नगर परिषद के सफाई एवं स्वच्छता अभियान के दावों की पोल खुल रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

मोहल्ला बावड़ीपुर में नगर परिषद के सफाई एवं स्वच्छता अभियान के दावों की पोल खुल रही है। बावड़ीपुर में इन दिनों गलियों में बरसात का पानी खड़ा है तथा उसमें मच्छर पैदा हो रहे हैं, जो लोगों के लिए मच्छरजनित रोगों को बढ़ावा दे रहे हैं। इस पर कड़ी आपत्ति जताते हुए वरिष्ठ जागरूक नागरिक कृष्ण अवतार जांगिड़ ने बताया कि नगर परिषद में हर बार फोन कर-करके गली व नालियां साफ करवाते हैं, लेकिन सफाई कर्मी ऊपर-ऊपर से कूड़ा निकाल कर चले जाते हैं। नाले को जब तक पूरी तरह से साफ नहीं करेंगे तो यही होता रहेगा। कोई सुनने वाला नहीं है, क्योंकि हमारे दो-दो पार्षद हैं तो कौन जिम्मेवारी लेगा। सड़क के एक तरफ वार्ड नंबर 28 है तो दूसरी तरफ वार्ड नंबर 16 है, किसको कहें, इससे तो अच्छा है कि हमारा वार्ड ही अलग बना दिया जाए। उन्होंने नप अधिकारियों की कड़ी आलाचेना करते हुए कहा कि हमारी छोटी सरकार के सारे दावे खोखले साबित हो रहे हैं। बरसात से पहले नाले साफ करने वाली बात सोशल मीडिया के माध्यम से सरकार तक पहुंचाना चाहते हैं। नाले पूरी तरह से जब तक साफ नहीं होंगे, परेशानी होती रहेगी।



**नारनौल।** बावड़ीपुर की गली में भरा बरसात का पानी। *फोटो: हरिभूमि*

## साइबर ठगी के मामले में खाताधारक काबू, खाते के खिलाफ 8 शिकायतें

- आरोपित को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

साइबर ठगी के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना साइबर पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान रोहित मेरोठा वासी भोरा जिला कोटा राजस्थान के रूप में हुई है। पुलिस ने पता लगाया कि साइबर ठगी की वारदात में आरोपित के खाते का प्रयोग हुआ था। आरोपित को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

साइबर ठगों ने व्हाट्सएप पर शिकायतकर्ता के गांव के पूर्व सरपंच की फोटो लगाकर और लड़के के हॉस्पिटल में एडमिट होने का बताकर 85 हजार रुपये ठग लिए थे। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। ठगी की राशि आरोपित के अकाउंट में गई थी। आरोपित ने अपना अकाउंट साइबर ठगों को दिया हुआ था। पुलिस ने पता लगाया कि आरोपित के खाते के खिलाफ विभिन्न राज्यों में आठ शिकायतें हैं। शिकायतकर्ता सूरत सिंह ने बताया कि वह एक लेखाकार का प्राइवेट काम करता है। शाम के समय उसके व्हाट्सएप पर एक अज्ञात नंबर से मेसेज आया। जिस पर उसके गांव नांगल पठानी के पूर्व सरपंच की फोटो लगी हुई थी। मैसेज में उसने बताया कि उसके लडके का एक्सीडेंट हो गया और वो सीरियस है, हॉस्पिटल में दाखिल है, उसे कुछ पैसों की सख्त जरूरत है।



**नारनौल।** पुलिस गिरफ्त में आरोपित। *फोटो: हरिभूमि*

## जनभागीदारी से साकार हो रहा स्वच्छ महेंद्रगढ़ का सपना

- स्वच्छ भारत अभियान और हरियाणा के सीएम के स्वच्छ हरियाणा की गूंज हर गली में सुन रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

महेंद्रगढ़ जिले में इन दिनों स्वच्छता एक सामूहिक जिम्मेदारी का रूप ले चुकी है। अब यह केवल सरकारी पहल नहीं बल्कि हर नागरिक का स्वच्छता संकल्प बन गया है। प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत अभियान और हरियाणा के मुख्यमंत्री के स्वच्छ हरियाणा, स्वस्थ हरियाणा के दृष्टिकोण को साकार करते हुए जिले ने जनभागीदारी का एक नया अध्याय शुरू किया है, इसकी गूंज अब हर नुक्कड़ और गली में सुनाई दे रही है। इसी कड़ी में बुधवार को श्यामपुरा, रिवासा, बखरिजा, डोहर कलां, मोरुण्ड, गुवानी, झाड़ली और सैदपुर गांव में ग्रामीणों ने अपने प्रयासों से यह सिद्ध कर दिया कि जब समुदाय एकजुट होकर किसी लक्ष्य की ओर बढ़ते हैं तो कुछ भी असंभव नहीं। इस अभियान से जिले की तस्वीर बदल रही है। जिला ग्रामीण विकास एजेंसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज कुमार ने सभी निवासियों से स्वेच्छा से इस पुनीत कार्य में शामिल होने और इसे और सशक्त बनाने का आह्वान किया।



**नारनौल।** सघन स्वच्छता अभियान के तहत सफाई करते ग्रामीण। *फोटो: हरिभूमि*

### बिलिंग से संबंधित सुनवाई 11 को

**महेंद्रगढ़।** कुरहावटा रोड स्थित बिजली निगम का कार्यकारी अभियंता कार्यालय में 11 जुलाई को उपभोक्ताओं की बिलिंग से संबंधित शिकायत सुनी जाएंगी। कार्यालय में दक्षिणी हरयाणा बिजली वितरण निगम में 50 हजार रुपये तक के बिलिंग से संबंधित शिकायत की सुनवाई चैयरमेन कम डिविजनल फोरम कार्यकारी अभियंता के द्वारा की जाएगी। किसी भी आमजन द्वारा यह अपील कार्यकारी अभियंता कार्यालय में एक प्रार्थना पत्र और बिल की कॉपी लगाकर कर सकता है।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डैंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

## गोद बलाहा में रक्तदान व स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

# ऐसे आयोजन समाज में सेवा भाव व जागरूकता बढ़ाने वाले: अमित

- शिविर में 50 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

गोद बालाहा में एक कंपनी के पांववें स्थापना दिवस के अवसर पर एक भव्य रक्तदान व स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह पहल सामुदायिक कल्याण के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह शिविर जिला रेडक्रॉस सोसायटी अध्यक्ष एवं उपायुक्त डॉ. विवेक भारती के मार्गदर्शन, महेश जोशी महासचिव हरियाणा रेडक्रॉस सोसायटी चंडीगढ़ के आह्वान व डॉ. एसपी सिंह के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।



**नारनौल।** रक्तदाताओं को बैज लगाते जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा।

उन्होंने अपने संबोधन में ऐसे आयोजनों को समाज में सेवा भाव और जागरूकता बढ़ाने वाला बताया। विशिष्ट अतिथियों में ट्रैफिक एसएचओ अनिल कुमार, सिंघानिया यूनिवर्सिटी के प्रो.वाइस चांसलर डॉ. पवन त्रिपाठी, पंचायत समिति अध्यक्ष पंकज, विनोद यादव भील, गोद व बलाहा गांवों के सरपंच शामिल थे। डॉ. पवन त्रिपाठी ने रक्तदान को एक पुनीत और सकारात्मक कार्य बताया। कंपनी की ओर से स्टेट हेड अयाज कुरैशी, एसओएम वरुण पाराशर, प्रशांत पाटिल, वैभव नेगी व एसओएम विजय कुमार ने बतौर अतिथि शिरकत की। अयाज कुरैशी ने कहा कि कंपनी केवल व्यावसायिक दायित्वों तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को भी उतनी ही गंभीरता से निभाती है। रक्तदान शिविर में नागरिक अस्पताल की ब्लड बैंक टीम ने अपनी सेवाएं दी। जिसमें लगभग 50 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। वहीं जयपुर हार्ट हॉस्पिटल की मेडिकल टीम की ओर से संचालित स्वास्थ्य जांच शिविर में लगभग 70 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। आयोजक सचिन अग्रवाल ने कहा कि ऐसे शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता और सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देने का एक सशक्त माध्यम हैं तथा भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने का प्रयास रहेगा।

दीपक अग्रवाल ने कहा कि यह स्थापना दिवस केवल जश्न नहीं, बल्कि समाज के प्रति हमारे उत्तरदायित्व का प्रतीक है। कार्यक्रम के अंत में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण भी किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कंपनी टीम, स्थानीय प्रशासन, चिकित्सा स्टाफ और सामाजिक कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा।